हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय

न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायॉखाला, शिशमबाडा देहरादून,
पिन– 248197 उत्तराखण्ड, भारत
वेबसाईट: www.hnbumu.ac.in ईमेलः info.hnbumu@gmail.com

दिव्यांग (PWD) अभ्यर्थियों के लिये महत्वपूर्ण सूचना

महानिदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उत्तराखण्ड के कार्यालय पत्रांक 19प/8/235/2013/26975 दिनांक 01 सितम्बर 2023 के माध्यम से प्राप्त निर्देशो के क्रम नीट पी0जी0–2023, उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग **(द्वितीय चरण)** हेतु दिव्यांग (PWD) अभ्यर्थियों के लिये गठित राज्य स्तरीय विशेष मेडिकल बोर्ड द्वारा **केवल दिनांक 04 सितम्बर 2023 (प्रातः 10:00 बजे से मध्यान्ह 12 बजे तक)** को **जिला चिकित्सालय, (कोरोनेशन व गॉधी), देहरादून में मेडिकल** परीक्षण किया जायेगा ।

नीट पी0जी0 2023 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग में सम्मलित होने के इच्छुक, अर्ह एवं पंजीकृत दिव्यांग अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे उक्त राज्य स्तरीय विशेष मेडिकल बोर्ड के सम्मुख उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि व समय में उपस्थित होकर अपना दिव्यांग (PWD) प्रमाण पत्र बनाकर **विलम्बतम दिनांक 04.09.2023 को सायं 05:00 बजे तक** विश्वविद्यालय की काउन्सिलिंग हेतु आधिकारिक ई–मेल ukneetcounselling@gmail.com पर अपलोड **अथवा** स्वंय विश्वविद्यालय कार्यालय में उपस्थित होकर जमा करवा दे।

दिनांक 04.09.2023 को सायं 05:00 बजे के उपरान्त किसी भी प्रकार से दिव्यांग (PWD) प्रमाण पत्र स्वीकार नही किया जायेगा।

शेष नियम व शर्ते सूचना विवरणिका में वर्णित प्राविधानुसार यथावत रहेगी। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सूचना विवरणिका का भली भॉति अध्ययन कर लेवे।

नोटिस प्रकाशन तिथिः 02.09.2023

सदस्य सचिव
नीट पी0जी0–2023
उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग बोर्ड